सत्य सं पूषन अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ
Regional Office, Lucknow
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन
Under Ministry of Education, Govt. of India
Website : https://rolucknow.kvs.gov.in/

पत्र सं. उपायुक्त/2025-26/के.वि.सं.आर.ओ. लखनऊ / दिनांक 05.09.2025

## सन्देश

**प्रिय शिक्षकगण,**

शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ।

यह दिवस केवल ज्ञानार्जन में आपकी भूमिका का उत्सव नहीं है, बल्कि उन प्रेरणाओं, मार्गदर्शन और मूल्यों का सम्मान भी है जिन्हें आप निरंतर हमारे विद्यार्थियों के जीवन में संचारित करते हैं। वास्तव में, केंद्रीय विद्यालय संगठन की सबसे बड़ी शक्ति हमारे शिक्षक हैं, जो ज्ञान के साथ-साथ जीवन-मूल्य और संस्कार प्रदान कर प्रत्येक छात्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा को नई दिशा और दृष्टि प्रदान की है। आज शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्यों का संप्रेषण नहीं, बल्कि कौशल-आधारित अधिगम को प्रोत्साहित करना है, जिससे विद्यार्थी 21वीं सदी की चुनौतियों और अवसरों के अनुरूप आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान, रचनात्मकता और सहयोग जैसे गुणों से संपन्न हो सकें।

हर्ष का विषय है कि हमारे शिक्षक इस परिवर्तनशील परिदृश्य में स्वयं को सतत उन्नत कर रहे हैं। नवीन शैक्षिक पद्धतियों को अपनाकर वे विद्यार्थियों को भविष्य का उत्तरदायी और सक्षम नागरिक बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। आपकी प्रतिबद्धता, धैर्य, समर्पण और नवाचार ही हमारे विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, सक्षम तथा संवेदनशील व्यक्तित्व में ढालने की प्रेरक शक्ति हैं।

इस अवसर पर मैं आप सभी को आदरपूर्वक नमन करती हूँ और विश्वास व्यक्त करती हूँ कि आप शिक्षा की इस ज्योति को और प्रखर करते हुए राष्ट्र-निर्माण की इस यात्रा में अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे।

**आप सभी को पुनः शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।**

सोना
(सोना सेठ)
उपायुक्त
केंद्रीय विद्यालय संगठन
लखनऊ संभाग